सखी परियोजना से 25 हजार से अधिक ग्रामीण बने सशक्त

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर। हिन्दुस्तान जिंक ने राजस्थान के 7 जिलों एवं उत्तराखंड के पंतनगर के 200 गांवों में 2 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचालित सखी परियोजना ने 25 हजार से अधिक पुरुष-महिलाओं को सशक्त बनाया है। सखी परियोजना के तहत उठोरी कार्यक्रम ने 170 राजकीय विद्यालयों और 110 गांवों में 2 लाख से अधिक व्यक्तियों तक पहुंच कर उन्हें बाल विवाह, लैंगिक हिंसा, मासिक धर्म स्वच्छता और उत्पीड़न जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर जागरूक किया। आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख बैंकों के माध्यम से 4.75 करोड़ रुपए के क्रेडिट लिंकेज के साथ

270 से अधिक स्वयं सहायता समूहों ने अपनी आजीविका गतिविधियों का विस्तार किया है। सामूहिक रूप से सखी सदस्यों ने 20 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है, जबकि अंतर-ऋण 100 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।